**PRINT**

# हिंदुस्तान (Hindustan)

| National News Paper | Edition : Delhi | Circulation: 238895 |
|---|---|---|
| दिनांक (Dated): 01-07-2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) 01 | क्रम सं. (Serial No.) 07 |

## सीआईएसएफ में आईजी रैंक पर 50% महिलाएं

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** केन्द्र सरकार द्वारा विभिन्न सशस्त्र बलों में महिलाओं की संख्या को बढ़ाया जा रहा है। इस दिशा में सीआईएसएफ भी गंभीरता से काम कर रहा है और उनके यहां महिलाओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

सीआईएसएफ के अनुसार उनके कैडर में तैनात आईजी रैंक के अधिकारियों में आधी संख्या महिलाओं की है। आईजी रैंक पर कुल 8 अधिकारी हैं जिनमें से चार महिलाएं हैं। सीआईएसएफ के अनुसार उनके लिए यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि हैं जिसमें महानिरीक्षक के पद पर कार्यरत 50 फीसदी कैडर अधिकारी महिलाएं हैं। यह सभी सशस्त्र बलों में सबसे अधिक अनुपात है। ये महिला अधिकारी प्रमुख विभागों और फील्ड संरचनाओं का नेतृत्व कर रही हैं।

सीआईएसएफ अधिकारियों का कहना है कि यह महिला सशक्तिकरण की मिसाल है और लैंगिक समानता का बड़ा प्रमाण है।